# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**मध्यमा परीक्षा 2020, मदरसा (वस्तानिया से मौलवी) परीक्षा 2020 एवं इण्टर व्यावसायिक परीक्षा 2020 के प्रमाण पत्रों में त्रुटि निराकरण के संबंध में आवश्यक सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या - 08/2021**

एतद् द्वारा मध्यमा परीक्षा 2020, मदरसा (वस्तानिया से मौलवी) परीक्षा 2020 एवं इण्टर व्यावसायिक परीक्षा 2020 के सभी संबंधित छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं संबंधित संस्था प्रधानों को सूचित किया जाता है कि:-

(1) मध्यमा परीक्षा, मदरसा (वस्तानिया से मौलवी) परीक्षा एवं इण्टर व्यावसायिक परीक्षा 2020 के जिन छात्र/छात्राओं के अंकपत्रक आदि में नाम, माता/पिता नाम, जन्म-तिथि, पंजीयन संख्या आदि में त्रुटि हो, वैसे छात्र/छात्रा अपना आवेदन (पंजीयन रसीद, प्रवेश पत्र एवं अंकपत्र की छायाप्रति)के साथ **दिनांक 27.02.2021** तक संबंधित संस्था, यथा-संस्कृत विद्यालय, मदरसा एवं +2 विद्यालय में जमा करेंगे। संबंधित संस्था प्रधान उक्त निर्धारित तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों को, समुचित साक्ष्य (नियमित छात्र/छात्राओं के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से अभिप्रमाणित नामांकन पंजी की छायाप्रति एवं स्वतंत्र छात्र/छात्राओं के लिए पंजीयन के समय छात्र/छात्राओं द्वारा समर्पित शपथ पत्र की सत्यापित छायाप्रति) के साथ अग्रसारित करते हुए परिषद् कार्यालय में **दिनांक 03.03.2021** तक अवश्य जमा करेंगे। इस तिथि के पश्चात् संशोधन शुल्क 400/-(चार सौ) रूपये मात्र के साथ आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

(2) साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि- चूँकि पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन भरने संबंधी सभी कार्य विद्यालय द्वारा ऑनलाइन किया जाता है, अत: आगामी परीक्षाओं के प्रमाण पत्रों में परिषद् द्वारा नि:शुल्क संशोधन नहीं किया जायेगा।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./- (महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/मदरसा/10660/11-SECY/102/21
Dt. 06.02.2021
D.O.P. 07.02.2021